# वागड़ संदेश

जन मन की आवाज

www.wagadsandesh.com

Tital Code : RAJHIN27802

सम्पर्क

ई-पेपर मे खबरे व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें

ई-मेल - editorwagadsandesh@gmail.com

8890633631
9309255545
6351581818

वर्ष-2 | अंक-77 | सागवाड़ा, बुधवार, 30 नवम्बर, 2022 | अवधिः हिन्दी ई-पेपर | पृष्ठ-1, मूल्य-10 रु. (वार्षिक)


## जिले के 2 लाख से ज्यादा बच्चों ने पिया दूध, मुख्यमंत्री बाल गोपाल योजना का आगाज





**डूंगरपुर।** प्रदेश के सीएम अशोक गहलोत ने मंगलवार को मुख्यमंत्री बाल गोपाल योजना और निशुल्क स्कूल यूनिफॉर्म वितरण कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। जयपुर सीएम आवास से हुए वर्चुअल कार्यक्रम में डूंगरपुर से राज्यमंत्री शंकर यादव, विधायक गणेश घोगरा, जिला कलेक्टर लक्ष्मीनारायण मंत्री और एसपी राशी डोगरा भी जुड़े।

## महिलाएं घटनाओ को छुपाए नहींः डीजीपी उमेश मिश्रा

**जयपुर।** डीजीपी उमेश मिश्रा ने कोटा में रेंज स्तरीय पुलिस अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में एडीजी रवि प्रकाश व आईजी प्रसन्न खमेसरा समेत कोटा, बूंदी, बारां, झालावाड़ के एसपी मौजूद रहे। बैठक में कानून व्यवस्था की स्थिति व भारत जोड़ों यात्रा को लेकर सुरक्षा के इंतजाम पर चर्चा हुई। मीडिया से बातचीत में डीजीपी उमेश मिश्रा ने कहा कि अन्य राज्यों की तुलना में राजस्थान में लॉ एंड ऑर्डर बेहतर है। साथ उन्होंने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा को लेकर पुलिस पूरी तरह सजग है। महिला अपराध के मामले ज्यादा बढ़े या मुकदमों में बढ़ोतरी हुई, सवाल का जवाब देते हुए उन्होंने कहा की अगर अवेयरनेस बढ़ेगी तो रजिस्ट्रेशन बढ़ेगा और बढ़ना भी चाहिए। कोई घटना होती है तो महिला छुपाए क्यों? वह खुलकर आए और बताएं। वह तभी होगा जब रजिस्ट्रेशन खुलकर होगा। प्रदेश में रजिस्ट्रेशन बढ़ना कोई इशू नहीं है। हम लोगों का जोर है कि अनुसंधान जल्द से जल्द हो, दोषी के खिलाफ कोर्ट में चालान पेश किया जाए। उसको सजा मिले। उसमें हमें सफलता भी मिली है। कई जिलों में आरोपियों को मृत्युदंड, आजीवन कारावास की सजा मिली है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में चाकूबाजी व महिला अपराध की दर में भी कमी आई है।

## मुख्यमंत्री बाल गोपाल दुग्ध योजना एवं निशुल्क पोशाक वितरण कार्यक्रम सम्पन्न



**सागवाडा।** ब्लॉक स्तरीय मुख्यमंत्री बाल गोपाल दुग्ध योजना एवं निशुल्क पोशाक वितरण कार्यक्रम राउमावि गामठवाडा सागवाड़ा में मुख्य ब्लॉक शिक्षाधिकारी नरेंद्र भट्ट के मुख्य आथित्य एवं तहसीलदार सागवाड़ा डॉ. रमेशचन्द्र वढेरा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि ACBEO प्रदीपसिंह चौहान, UCEEO डायालाल पाटीदार, पार्षद भरत जोशी, विमल कलासुआ, प्रकाश खटीक, इंद्रजीत मकवाना एवम कल्पना जोशी रहे। संस्थाप्रधान शैलेश जोशी ने आगन्तुक अतिथियों का स्वागत उद्बोधन देते हुए बताया कि सप्ताह में 2 बार कक्षा 1 से 8 में अध्ययनरत भैया बहनों को गुणवत्तायुक्त दुग्ध पान करवाया जाएगा। संस्थाप्रधान ने उपस्थित पार्षदों से नगरपालिका विद्यालय में डॉम पंडाल बनवाने हेतु निवेदन किया। विद्यालय के पीटीए अध्यक्ष मोहनलाल भट्ट तथा अन्य एसडीएमसी सदस्यों ने आगन्तुक अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने अपने हाथों से भैया बहनों को दुग्ध एवं पोशाक वितरण किया। मुख्यातिथि भट्ट ने इस महत्वाकांक्षी योजना के उद्देश्यो के बारे में उद्बोधन दिया तथा विशिष्ट अतिथि डायालाल पाटीदार ने नगर के विभिन्न भामाशाहों एवम जनप्रतिनिधियों से संपर्क कर 1 जुलाई से पूर्व विद्यालय में डॉम पांडाल बनवाने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम का संचालन प्रमोद शर्मा तथा आभार यशेष शर्मा ने जताया।

## भाई की शादी में कुवैत घर आए 5 हजार के इनामी आरोपी को पुलिस ने दबोचा

### अश्लील वीडियो बनाकर किया था वायरल



**डूंगरपुर।** सागवाड़ा थाना पुलिस ने एक लड़की का अश्लील वीडियो बनाकर वायरल करने वाले आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। युवक 3 साल बाद अपने भाई की शादी में शामिल होने आया था और पुलिस को पता लगते ही बांसवाड़ा के मोटा गांव से उसे दबोच लिया। आरोपी पर 5 हजार रुपए का इनाम भी रखा गया था।

सागवाड़ा थानाधिकारी रणजीत सिंह ने बताया की 14 फरवरी 2020 को एक पीड़िता ने रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। इसमे पीड़िता ने आरोपी ललित (32) पुत्र मांगीलाल लबाना निवासी मोटा टांडा पुलिस थाना मोटा गांव जिला बांसवाड़ा के खिलाफ उसके अश्लील फोटो सोश्यल मीडिया ग्रुप में वायरल कर अश्लील टिप्पणी की थी। इसके बाद से आरोपी ललित लबाना कुवैत रोजगार के लिए चला गया था, जबकि पुलिस उसकी तलाश कर रही थी। मामले में पुलिस आरोपी ललित लबाना के कुवैत से आने का इंतजार कर रही थी। इस दौरान पुलिस को पता लगा की ललित के सगे भाई की शादी है। उसमे शामिल होने 28 नवंबर को वह कुवैत से घर आ रहा है। इस पर थानाधिकारी शैलेंद्र सिंह के साथ चितरी थानाधिकारी गोविंद सिंह, हेड कांस्टेबल दिग्विजय सिंह, कांस्टेबल भूपेंद्र सिंह, जितेंद्र सिंह और प्रभुलाल की टीम ने उसके घर के आसपास निगरानी रखना शुरू कर दिया। आरोपी ललित जैसे ही घर आया तो पुलिस ने उसे दबोच लिया। इसके बाद पुलिस उसे पकड़कर थाने लाई।

थानाधिकारी ने बताया की आरोपी ललित लबाना 2 साल 10महीने से फरार चल रहा था। जिसकी गिरफ्तारी के लिए 5 हजार रुपए का इनाम भी घोषित किया गया था। मामले में पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है।

## सरकारी स्कुलों में सरकार ने दी फ्री यूनिफॉर्म

**जयपुर।** राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा- 200 रुपए में स्कूल ड्रेस की सिलाई संभव नहीं है। पेरेंट्स कुछ खर्चा खुद करें। ताकि स्टूडेंट्स की यूनिफॉर्म सिल जाए। कुछ लोग घर में भी ड्रेस सिल सकते हैं। टीचर से भी कहूंगा कि वो इसमें मदद करें। अपने जिलों के टेलर्स को इसके लिए तैयार करें, ताकि कम से कम पैसे में बच्चों की ड्रेस सिल सके। गहलोत ने मंगलवार को सरकारी स्कूल के बच्चों को फ्री यूनिफॉर्म और बाल गोपाल योजना का वर्चुअल उद्घाटन हुआ। अपने आवास पर आयोजित कार्यक्रम में सीएम ने 6 स्टूडेंट्स को स्कूल ड्रेस भेंट किया। इस योजना के तहत राजस्थान के 68 लाख से ज्यादा स्टूडेंट्स को फ्री स्कूल ड्रेस और दूध दिया जाएगा। गहलोत ने कहा- हम 2 जोड़ी यूनिफॉर्म की सिलाई के लिए 200 रुपए दे रहे हैं।

## पुलिस की नाकेबंदी देख बोलेरों को कच्चे रास्ते पर भगाया, 15 किमी तक पीछा कर पकड़ा

**डूंगरपुर।** जिला स्पेशल पुलिस टीम (डीएसटी) ने अवैध शराब तस्करी के खिलाफ कार्रवाई की है। रामसागड़ा थाना क्षेत्र में गुजरात बॉर्डर के पास नाकेबंदी को देख तस्कर बोलेरो को कच्चे रास्ते पर भगाने लगे। 15 किमी तक पीछा कर पुलिस ने एक तस्कर को गिरफ्तार कर लिया। जबकि दूसरा तस्कर अंधेरे का फायदा उठाकर भाग गया। पुलिस ने बोलेरो से ढाई लाख की अंग्रेजी शराब के साथ 3.35 लाख का कैश बरामद किया है।

**ढाई लाख की अवैध शराब के साथ 3.35 लाख कैश जब्त**

एसपी राशि डोगरा डूडी ने बताया की अवैध शराब के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। इसी तहत मुखबिर के जरिए सूचना मिली की वीरपुर के रास्ते अवैध शराब की तस्करी हो रही है। इस पर डीएसटी ने रामसागड़ा थाना क्षेत्र में गुजरात बॉर्डर के पास वीरपुर गांव के पास नाकेबंदी कर दी। इस दौरान एक बिना नंबरी बोलेरो को आते देख रोकने का इशारा किया। इस पर बोलेरो ड्राइवर तेज रफ्तार भगाते हुए वेड पावर हाउस के पास कच्चे रास्ते पर जाने लगा। 15 किलोमीटर तक भागने के बाद पुलिस ने तस्करों की बोलेरो को पकड़ लिया तो तस्कर तालाब के पास गाड़ी छोड़कर भागने लगे। पुलिस ने पीछा करते हुए एक तस्कर को पकड़ लिया। पकड़े गए आरोपी ने अपना नाम शंकरलाल पुत्र गोबर गरासिया निवासी वीरपुर बताया। बोलेरो की तलाशी की गई, जिसमे विभिन्न ब्रांड की 30 कार्टून अंग्रेजी शराब बरामद की गई। पकड़ी गई शराब की कीमत करीब ढाई लाख रुपए बताई जा रही है। वही शराब की आड़ में 3 लाख 35 हजार रुपए का कैश भी बरामद किया है। पुलिस अब शराब के साथ ही कैश तस्करी को लेकर छानबीन कर रही है। इस तस्करी को लेकर गुजरात चुनाव से जोड़कर भी जांच की जा रही है। डीएसटी ने शराब और पकड़े गए आरोपी को रामसागड़ा थाना पुलिस के हवाले कर दिया है। वही फरार आरोपी की तलाश की जा रही है।

## प्यार, कानून को ध्यान में रखकर नहीं होताःहाईकोर्ट

**जयपुर/जोधपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट ने 16 साल की युवती के साथ सहमति से फिजिकल रिलेशन बनाने वाले प्रेमी पर दर्ज एफआईआर को खारिज करते हुए पॉक्सो के मामले को रद्द कर दिया है। हाईकोर्ट ने कहा कि कोर्ट किसी नाबालिग के साथ संबंध बनाने के पक्ष में नहीं है और न ही किसी को ऐसा करने की अनुमति देता है। यह कटु सत्य है कि प्यार किसी कानूनी या सामाजिक नियमों को ध्यान में रखकर नहीं होता। नासमझी में दो लोगों के बीच बने संबंधों में बात इतनी आगे बढ़ गई कि एक बच्चा पैदा हो गया, जबकि दोनों में से एक नाबालिग है। न्यायाधीश दिनेश मेहता ने कहा कि ऐसे मामलों में कोर्ट मूक दर्शक नहीं रह सकता।

## जल जीवन मिशन की न्यून प्रगति व संस्थागत प्रसव की संख्या में कमी पर नाराजगी जताई

**डूंगरपुर।** प्रदेश के बीस सूत्रीय कार्यक्रम के उपाध्यक्ष व मंत्री डॉ चंद्रभान ने डूंगरपुर दौरे के दौरान जिला परिषद सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियो की बैठक ली। जिला कलेक्टर की मौजदूगी में आयोजित बैठक में डॉ चंद्रभान ने बीसूका कार्यक्रम के साथ फ्लेगशिप योजनाओं की समीक्षा की। इस दौरान डॉ चंद्रभान ने अधिकारियों को 20 सूत्रीय कार्यक्रम की महत्ता को समझते हुए वंचित लोगो को योजनाओं का लाभ दिलाने के निर्देश दिए है। प्रदेश के बीस सूत्रीय कार्यक्रम के उपाध्यक्ष व मंत्री डॉ चंद्रभान ने डूंगरपुर जिले के दौरे पर है।

**बीसूका उपाध्यक्ष डॉ चंद्रभान ने ली अधिकारियों की बैठक, वंचित लोगो को योजनाओं का लाभ दिलाने के दिए निर्देश**

अपने दौरे के दौरान बीसूका उपाध्यक्ष डॉ चंद्रभान ने जिला परिषद सभागार में अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में जिला कलेक्टर लक्ष्मी नारायण मंत्री, जिला परिषद सीईओ दीपेन्द्र सिंह राठोड, उप जिला प्रमुख सुरता परमार व प्रधान कांता कोटेड सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में सबसे पहले डॉ चंद्रभान ने विभाग वार 20 सूत्रीय कार्यक्रम की योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। इस दौरान डॉ चंद्रभान ने मनरेगा योजना में अधिक से अधिक लोगो के 100 दिन पूर्ण करवाते हुए सीएम बजट घोषणा के तहत 25 दिन का अतिरिक्त रोजगार देने के निर्देश दिए। वही बैठक में डॉ चंद्रभान ने जल जीवन मिशन की न्यून प्रगति व संस्थागत प्रसवो की संख्या में कमी पर नाराजगी जताई। उन्होंने जलदाय विभाग के अधिकारियों को जल जीवन मिशन के काम में तेजी लाते हुए लक्ष्य के तहत लोगो के घर तक पानी पहुंचाने के निर्देश दिए तो वही स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को भी स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं की जानकारी लोगो को देते हुए शत प्रतिशत संस्थागत प्रसव करवाने के निर्देश दिए।

बैठक में डॉ चंद्रभान ने आईसीडीएस विभाग की समीक्षा के दौरान कुपोषण व एनीमिया के आंकड़ो पर चिंता जताई और आंकड़ो में कमी लाने के निर्देश दिए। वही बैठक में डॉ चन्द्रभान ने अधिकारियों को अपनी जिम्मेदारी तय करते हुए उन जिम्मेदारियों का निर्वहन ईमानदारी से करने व वंचित लोगो को बीसूका कार्यक्रम व फ्लेगशिप योजनाओ का लाभ दिलाने का आव्हान किया।

### भारत जोड़ो यात्रा को लेकर बैठक ख़त्म

## राजस्थान में कांग्रेस एकजुट : गहलोत



**जयपुर।** कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और सचिन पायलट में सियासी सुलह करवा दी है। गद्दार विवाद के बाद मंगलवार को पहली बार एक बैठक में गहलोत-पायलट के बीच नमस्कार हुई। इसके बाद वेणुगोपाल ने पहले बंद कमरे में दोनों को मिलवाया, फिर मीडिया के सामने गहलोत-पायलट के हाथ खड़े करवाकर कहा- दिस इज राजस्थान कांग्रेस। हम पूरी तरह एक हैं। वेणुगोपाल ने कहा कि सचिन पायलट और अशोक गहलोत कह चुके हैं, हम यात्रा तक ही नहीं, चुनाव तक एकजुट होकर काम करेंगे। हमारे नेता राहुल गांधी ने साफ कर दिया है कि गहलोत और पायलट दोनों पार्टी के लिए एसेट हैं। भारत-जोड़ो यात्रा की तैयारी बैठक में पहुंचने पर पायलट-गहलोत ने एक-दूसरे का अभिवादन किया। कांग्रेस के वॉर रूम में हुई बैठक के बाद गहलोत और पायलट ने एक साथ मीडिया से बातचीत की। गहलोत ने कहा- राजस्थान में सब एकजुट हैं। गहलोत और पायलट एसेट ही हैं। वहीं पायलट ने कहा- सभी मिलकर पार्टी को मजबूत करेंगे। हमें कोई उकसा नहीं सकता। बैठक में भारत जोड़ो यात्रा को लेकर चर्चा हुई। इससे पहले मुख्यमंत्री अशोक गहलोत बैठक के लिए पहुंचे तो पायलट ने हाथ जोड़कर उनका अभिवादन किया, इस पर गहलोत ने भी हाथ जोड़कर इसे स्वीकारा। यह तस्वीर छह दिन पहले 23 नवंबर को इसी हॉल में हुई बैठक से बिल्कुल अलग थी। 23 नवंबर को दोनों के बीच कोई चर्चा नहीं हुई थी और टकराव साफ झलक रहा था।


इम्पैक्ट फीचर

ZEEL MULTISPECIALITY HOSPITAL

## प्रीमैच्योर जुड़वा बच्चों का ज़ील हॉस्पिटल सागवाड़ा में निःशुल्क इलाज

**राजस्थान सरकार की चिरंजीवी योजना के तहत ज़ील हॉस्पिटल सागवाड़ा में हो रहां निःशुल्क उपचार**

सागवाड़ा। आमतौर पर एक स्वस्थ शिशु का जन्म 36 सप्ताह (9 महीने) में होता है, लेकिन कई बार कुछ प्रीमैच्योर डिलीवरी (Premature baby care) यानी समय से पूर्व भी कुछ शिशुओं का जन्म होता है। इसमें 7 या 8 महीने में जन्मे शिशुओं को कोई ना कोई समस्या होती है। ऐसा ही एक मामला सागवाड़ा के ज़ील हॉस्पिटल में भी सामने आया। प्रीमैच्योर (समय पूर्व जन्मे बच्चे) जुड़वा बच्चों का सागवाड़ा के ज़ील हॉस्पिटल में निःशुल्क उपचार किया गया। इन दोनों जुड़वा बच्चों का राजस्थान सरकार की चिरंजीवी योजना में उपचार हुआ। सीमलवाड़ा क्षेत्र की एक गर्भवती को अचानक रक्त स्राव होने की वजह से तत्काल ज़ील हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। गर्भवती की स्थिति को देखते हुए उसकी डिलीवरी की गई। 2 जुड़वा बच्चे होने से परिवार काफ़ी ख़ुश था हालांकि दोनों ही बच्चों का वज़न कम होने और सांस लेने में तक़लीफ़ होने से उन्हें कुछ दिनों के लिए "NICU" (पेटी) में रखा गया गया। बच्चों के कमजोर होने से माता-पिता और परिजन काफ़ी चिंतित व असहाय महसूस कर रहे थे। तब उन्होंने ज़ील प्रबंधन की ओर से बताया गया कि चिंता करने की ज़रूरत नहीं है राजस्थान सरकार की चिरंजीवी योजना में दोनों बच्चों का निःशुल्क इलाज किया जाएगा। परिजनों ने बताया कि ऐसी अवस्था में आमतौर पर यहां के लोग उदयपुर या मोडासा के निजी अस्पतालों में जाते हैं जहां ख़र्च भी ज़्यादा होता है और समय भी बिगड़ता है लेकिन अब सागवाड़ा के ज़ील हॉस्पिटल में ऐसी सुविधाएं निःशुल्क मिल रही है। ज़ील हॉस्पिटल और चिरंजीवी योजना हमारे बच्चों के लिए वरदान बनकर आयी है। जिससे हमारा परिवार हमेशा याद रखेगा।



**दोनों ही बच्चों का वज़न कम होने और सांस लेने में तक़लीफ़ होने से उन्हें कुछ दिनों के लिए "NICU" (पेटी) में रखा गया गया।**

सीमलवाड़ा क्षेत्र की एक गर्भवती को अत्यधिक प्रसव पीड़ा के कारण ज़ील हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया जहां उसकी समय से पहले डिलीवरी की गई थी। प्रीमैच्योर होने के कारण बच्चों का वजन काफ़ी कम था और वे सांस लेने में असमर्थ थे। दोनों बच्चों का कम वजन होने के कारण "NICU" (नवजात बच्चों का आई.सी.यू. केन्द्र) में दाखिल किया गया। यहां ऐसे प्रीमैच्योर बच्चों का इलाज हर तरीके से बेहतर होता है क्योंकि बच्चों की देखभाल में एन.आई.सी.यू. अहम भूमिका निभाता है। इस इलाज प्रक्रिया में ही उक्त दोनों प्रीमैच्योर जुड़वा बच्चों को नया जीवन मिला है।

**डॉ. पंकज राठौड़**
**शिशु रोग विशेषज्ञ** (ज़ील अस्पताल सागवाड़ा)

गर्भवती महिला अपना और गर्भ में पल रहे बच्चे का खासा ख्याल रखती है पर कभी-कभी स्थिति ऐसी भी आ जाती है कि वह बच्चे को जो गर्भकाल की पूरी साइकिल 40 सप्ताह की होती है वह उससे पहले ही बच्चे को जन्म दे देती है. जिसे प्रीमैच्योर बेबी (Premature Baby) कहा जाता है। महिला के गर्भ में एक से ज्यादा शिशु का होना, शिशु को रोग या संक्रमण का होना, गर्भाशय ग्रीव की बनावट में कोई विकृति है, पहले भी बच्चे को प्रीमैच्योर अवस्था में जन्म दिया हो, गर्भवती की उम्र कम हो, अंडरवेट हो प्रेग्रेंसी के दौरान बीपी, हार्ट की समस्या, मधुमेह, किडनी या लीवर डिसीस की कोई समस्या होगी तो इससे भी प्रीमैच्योर डिलीवरी की समस्या आ सकती हैं।

**डॉ. मेघा त्रिपाठी**
**महिला रोग विशेषज्ञ** (ज़ील हॉस्पिटल सागवाड़ा)

**ज़ील मल्टीस्पेश्यलिटी हॉस्पिटल**
रुद्रप्रयाग, सागवाड़ा - 314025, जिला - डूंगरपुर (राजस्थान)

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करे: 9351230476

24x7 ईमरजेंसी नम्बर 9462996299
treatment@zeelhospital.com